रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-09032026-270774
CG-DL-E-09032026-270774

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 156] | नई दिल्ली, सोमवार, मार्च 9, 2026/फाल्गुन 18, 1947 |
| No. 156] | NEW DELHI, MONDAY, MARCH 9, 2026/PHALGUNA 18, 1947 |

## गृह मंत्रालय

## (राजभाषा विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 फरवरी, 2026

**सा.का.नि. 162(अ).—** राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, (प्रशासनिक अधिकारी) भर्ती नियम, 1991 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए, जिन्हे ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् : -

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ –** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, प्रशासनिक अधिकारी (समूह 'क' पद) भर्ती नियम, 2025 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर -** उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में उसका स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

**3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि -** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. निरर्हता -** वह व्यक्ति, –

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**5. शिथिल करने की शक्ति -** जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**6. व्यावृत्ति -** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम। | पद की संख्या। | वर्गीकरण। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर। | चयन पद है या अचयन पद। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा। |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| प्रशासनिक अधिकारी। | 1 (2025)* <br><br> *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क',राजपत्रित, अनुसचिवीय। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-11 (67700-208700 रु0)। | लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो। | भर्ती की पद्धतिः भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धितियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता। |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | पुनर्नियोजित सशस्त्र बल कार्मिको के लिए दो वर्ष। | प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन (सशस्त्र बल कार्मिकों के लिए) द्वारा। |

| प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती कि दिशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा । |
|---|
| (11) |
| प्रतिनियुक्तिः<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के अधिकारियों में से, -<br>(क)(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश्य पद धारण किए हुए है ; य़ा<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10(56100-177500/- रु.) या समतुल्य में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात पांच वर्ष की सेवा की है ; और<br>(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है, अर्थातः-<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी विषय में स्नातक डिग्री है ;<br>(ii) प्रशासन या स्थापन या लेखा संबंधी मामलों का पांच वर्ष का अनुभव है ।<br><br>सशस्त्र बल कार्मिकों के लिएः<br>प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन<br>कैप्टन की रेंक या समतुल्य के सशस्त्र बल ऐसे कार्मिकों के संबंध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किए जाने वाले हैं और जिनके पास प्रतिनियुक्ति किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हैं। यदि ऐसे अभ्यर्थी का चयन हो जाता है, तो ऐसे अधिकारियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निर्बंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है। तत्पश्चात उन्हें पुनर्नियोजन पर बने रहने दिया जा सकता है। यदि पद पर वास्तविक चयन किए जाने से पूर्व ऐसे पात्र अधिकारी सेवानिवृत हो जाते हैं या रिजर्व में स्थानंतरित कर दिए गए हैं तो उनकी नियुक्ति पुनर्नियोजन के आधार पर की जाएगी (सिविल पदों के संदर्भ में अधिवर्षिता की आयु तक पुनर्नियोजन)।<br>**टिप्पण 1:-** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया चार वर्ष से अधिक नही होगी।<br>**टिप्पण 2:-** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी । |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना । | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा । |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगेः-**<br>1. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग -अध्यक्ष ;<br>2. निदेशक या उप सचिव, राजभाषा विभाग -सदस्य ;<br>3. निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान -सदस्य । | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

[फा. सं. 14034/25/2022-रा.भा.(प्रशि.)]

प्रेम नारायण, उप सचिव

## MINISTRY OF HOME AFFAIRS

## (Department of Official Language)

## NOTIFICATION

New Delhi, the 11th February, 2026

**G.S.R. 162(E).—** In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, Central Hindi Training Institute (Administrative Officer) Recruitment Rules,1991, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Administrative Officer in the Central Hindi Training Institute, Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, namely :-

**1. Short title and commencement.-**(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, Central Hindi Training Institute, Administrative Officer (Group 'A' Post), Recruitment Rules, 2025.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of post, classification and level in pay matrix.-** The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.-** The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

**4. Disqualification**.-No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Powers to relax.-** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving.-** Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

### SCHEDULE

| Name of post. | Number of post. | Classification. | Level in pay matrix. | Whether selection post or non-selection post. |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| Administrative Officer. | 1(2025)*<br>*Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Group 'A', Gazetted, Ministerial. | Level-11 in the pay matrix (Rs.67700 – 208700). | Not applicable. |

| Age-limit for direct recruits. | Educational and other qualifications required for direct recruits. | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation, if any. | Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods. |
|---|---|---|---|---|
| (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not applicable. | Not applicable. | Not applicable. | Two years for Armed Forces personnel re-employed. | By deputation/re-employment (for armed force personnel). |

| **In case of recruitment by promotion or by deputation/absorption, grades from which promotion or deputation/absorption to be made.** |
|---|
| **(11)** |
| **Deputation:**<br><br>Officers of Central Governments or State Governments or Union territories administrations,–<br>(a)(i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or Department; or<br>(ii) with five years' service rendered after appointment to the post on a regular basis in level-10 (56100-177500) in the pay matrix or equivalent in the parent cadre or Department; and<br><br>(b) possessing the following educational qualifications and experience, namely:–<br>(i) Bachelors degree in any subject from a recognised University;<br>(ii) five years experience in administration or establishment or accounts matters.<br><br>For Armed Forces Personnel:<br><br>Deputation/Re-employment<br><br>The Armed forces personnel of the rank of Captain or equivalent who are due to retire or to be transferred to reserve within a period of one year and possessing the educational qualifications and experience prescribed for deputationists shall also be considered for deputation. If such candidate will be selected, such officers will be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed Forces. Thereafter, they may be continued on re-employment terms. In case such eligible officers have retired or have been transferred to reserve before the actual selection to the post is made, their appointment will be on Re-employment basis. (Re-employment up to the age of superannuation with reference to civil posts.)<br><br>**Note 1 :** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed four years.<br><br>**Note 2:** The maximum age limit for appointment by deputation shall not be exceeding fifty-six years as on the closing date of the receipt of application. |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition. |
|---|
| (12) |
| **Departmental Confirmation Committee (considering the confirmation) consisting of:-**<br>1. Joint Secretary, Department of Official Language – Chairperson;<br>2. Director or Deputy Secretary, Department of Official Language – Member;<br>3. Director, Central Hindi Training Institute – Member. |

| Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|
| (13) |
| Consultation with the Union Public Service Commission is not necessary. |

[F. No. 14034/25/2022-OL (Trg.)]

PREM NARAIN, Dy. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SARVESH KUMAR SRIVASTAVA